# ‘योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन पद्धति है’

- 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ‘योगा फॉर हेल्दी एजिंग’ थीम के साथ जिला मुख्यालय पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**चूरू** (निसं)। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को जिला खेल स्टेडियम में ‘योगा फॉर हेल्दी एजिंग’ थीम पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष व पद्म भूषण देवेन्द्र झाझड़िया, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत कर नियमित योग करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि योग भारत की प्राचीन व गौरवशाली परंपरा है, जिसे आज विश्व के 180 से अधिक देशों में अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और बदलती जीवनशैली के बीच योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे महर्षि पतंजलि ने व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया।

राठौड़ ने कहा कि चूरू की धरती सदैव आध्यात्मिक व सांस्कृतिक मूल्यों की संवाहक रही है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन पद्धति है और भारत अपने ऋषि-मुनियों की ज्ञान परंपरा तथा आयुर्वेद के माध्यम से पूरे विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि योग स्वस्थ मन और स्वस्थ शरीर के साथ एक संपूर्ण जीवनशैली प्रदान करता है। यह अनेक रोगों से बचाव तथा सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक है। पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि खेल और योग एक-दूसरे के पूरक हैं। योग शरीर में लचीलापन, एकाग्रता तथा मानसिक मजबूती विकसित करता है।

जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि इस वर्ष की थीम ‘योगा फॉर हेल्दी एजिंग’ स्वस्थ व सक्रिय जीवन का महत्वपूर्ण संदेश देती है। योग मानसिक शांति, आत्मविश्वास और अनुशासन विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि जिला योग व प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र प्रभारी अधिकारी डॉ. संतरा जाट ने उपस्थित जनों को विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम के विद्यार्थियों ने योग साधना पर आधारित आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, बसंत शर्मा, वासुदेव चावला, चंद्राराम गुरी, पराक्रम राठौड़, एसीईओ भागचंद खारिया, विक्रम कोटवाद, भास्कर शर्मा, डॉ. रामकृष्ण शर्मा, सुरेश सारस्वत, एसजेईडी डीडी सत्येन्द्र पाल वीर, नारायण बेनीवाल, गोपाल बालाण, नरेन्द्र काछवाल, श्रीराम पीपलवा, अख्तर खान, राकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि व आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष शर्मा ने किया।

# सिलावट समाज का दूसरा राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**बीदासर** (निसं)। सिलावट समाज भवन में सिलावट समाज संस्था बीदासर का राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में समाज के 400 होनहार छात्र-छात्राओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं, सेवारत अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। समारोह को लेकर समाज के लोगों और युवाओं में भारी उत्साह सुबह से देखने को मिला और कार्यक्रम की तैयारियां बड़े स्तर पर जोर-शोर से की गई। प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन कमेटी के अध्यक्ष सलीम बल्खी ने बताया कि इस राज्य स्तरीय समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के प्रतिभावान युवाओं की हौसला-अफजाई करना और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था। आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग कमेटियों की टीम का गठन कर जिम्मेदारियो से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में राज्यभर से सिलावट समाज के कई गणमान्य लोग, समाज सेवी और प्रबुद्ध जनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचे सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहां ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए। सिलावट समाज ने प्रतिभागियों का सम्मान कर समाज में अहम संदेश दिया है।

कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष सीताराम भोभरिया, उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव, विधाधर बेनीवाल, जवाहर सिंह राठौड़, आयोजन समिति के अध्यक्ष सलीम बल्खी, उपाध्यक्ष रहीमबख़्श सोलंकी, सचिव अब्दुल वाहीद मुगल, कोषाध्यक्ष सलीम भुट्टा, एडवोकेट मोहम्मद शाहिद सोलंकी, हाजी बिलाल भुट्टा, लाडनूं समाज के अध्यक्ष ज्यान मोहम्मद बल्खी, मकराना के अध्यक्ष गयूर अहमद बल्खी, डेगाना के अध्यक्ष हबीब सोलंकी, डीडवाना के सलमान बल्खी, बीकानेर से इसराइल बल्खी, जोधपुर के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार बल्खी सहित जसवंतगढ़, लाडनूं, डीडवाना, मकराना, श्रीडूंगरगढ़, बीकानेर, बासनी सहित प्रदेशभर के कई शहरों के 14 खेड़ों के लोग शामिल हुए।

# कौशल विकास शिविर का समापन

**पाटन** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ पाटन के तत्वावधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास अभिरुचि शिविर का शनिवार को भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। एक माह से अधिक समय तक चले इस शिविर में बच्चों ने विभिन्न व्यावसायिक एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।समापन समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना के साथ हुआ। शिविराधिपति कैलाश चंद ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों में विभिन्न कौशल विकसित करने, स्वरोजगार एवं लघु उद्योगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सभी वर्गों के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी पहल बच्चों को नाममात्र शुल्क में दो-दो विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर प्रदान करती है।

# जेगनिया में भामाशाह बुद्धरदास स्वामी परिवार का अभिनंदन

- पंचायत भवन हेतु 2 बीघा भूमि की भेंट
- जमीन दान से बड़ा कोई दान नहीं, स्वामी परिवार ने पेश की मिसाल : भागीरथ सिंह राठौड़

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत जेगनिया में पंचायत भवन निर्माण के लिए भामाशाह बुद्धरदास स्वामी परिवार द्वारा 2 बीघा भूमि दान किए जाने पर पंचायत भवन परिसर में सम्मान एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने स्वामी परिवार का स्वागत कर उनके इस जनहितकारी योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ थे।

विशिष्ट अतिथियों में रतनगढ़ के पूर्व पालिकाध्यक्ष शिव भगवान कम्मा परसनेऊ मंडल अध्यक्ष छोटूसिंह , बजरंग गुर्जर पवन सिंह कुसुमदेसर, जगदीश सिंह राठौड़ (पड़ीहारा), भजनदास स्वामी, परमेश्वर मेघवाल (सिमसिया) ओमप्रकाश कालेर तथा पुरखाराम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता गिरधारी सिंह राठौड़ ने की समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह राठौड़ ने कहा कि जमीन दान से बड़ा कोई दान नहीं होता। उन्होंने कहा कि अपनी कमाई का हिस्सा समाजहित में लगाना, जरूरतमंदों की सेवा करना तथा जनकल्याण के कार्यों में सहयोग देना सबसे बड़ा पुण्य है। स्वामी परिवार ने पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि दान देकर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे समाज के अन्य लोग भी प्रेरणा लेंगे।इस अवसर पर पवन सिंह कुसुमदेसर ने कहा कि धन और संपत्ति तो बहुत लोगों के पास होती है, लेकिन उसे समाजहित में समर्पित करने का बड़ा दिल बहुत कम लोगों के पास होता है। बुद्धरदास स्वामी परिवार ने अपनी उदारता और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए जो कार्य किया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता गिरधारी सिंह राठौड़ ने कहा कि पंचायत भवन निर्माण के लिए लंबे समय से भूमि की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्वामी परिवार ने प्रमुख स्थान पर भूमि दान देकर पंचायत के विकास में अहम भूमिका निभाई है उन्होंने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा जताई। पंचायत भवन के लिए भूमि दान करना गांव के विकास और जनहित की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक कदम है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

समारोह में गणेशदास स्वामी, गिरधारीदास स्वामी, तुलसीदास स्वामी, सुरजाराम शीलू, किरण स्वामी, जमन सिंह, किशनाराम शीलू, मांगीलाल स्वामी, जानकीदास स्वामी, खेमाराम शीलू, बजरंगदास भामू, मांगीलाल मेघवाल, जीतू सिंह, लिखमाराम, मोहनराम, सोहनराम, नाथाराम नाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आशा भोंसले के गीतों की धुन पर हुआ योग

- एसएस मोदी में संगीतमय अंदाज में मनाया योग दिवस

**झुंझुनूं** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गौरव पथ स्थित एसएस मोदी विद्या विहार में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित 12वें योग दिवस समारोह में योग और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद झुंझुनूं इकाई के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा थे। इस अवसर पर देवेश मारवाल, सीए इंद्रजीत सुंडा, सीए लोकेश कुमार एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री अरूणा सिहाग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के सृजक एवं योग प्रशिक्षक सीए जिम्मी मोदी ने योग को सरल, रोचक और जीवनोपयोगी बनाते हुए विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाए। उन्होंने प्रेरक प्रसंगों और कहानियों के माध्यम से बच्चों को संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच का संदेश भी दिया। सुबह 6:30 बजे से 8 बजे तक चले योग सत्र में प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत ऊँ एवं गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुई। इसके बाद योग प्रशिक्षक ने विभिन्न आसनों और उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और खुशहाल बनाने की कला है। मन से प्रसन्न होकर किया गया हर कार्य योग का ही स्वरूप है, इसलिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। समारोह का विशेष आकर्षण प्रसिद्ध गायिका आशा भोंसले के गीतों पर आधारित संगीतमय योगाभ्यास रहा। प्रतिभागियों ने संगीत की मधुर धुनों के साथ योग क्रियाओं का आनंद लिया। इस दौरान आशा भोंसले के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने कार्य के प्रति समर्पण और प्रेम का संदेश भी दिया गया। संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड़ ने संगीत से जुड़ी रोचक जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड़ एवं अजेन्द्र का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया, जबकि योग प्रशिक्षक सीए जिम्मी मोदी को अरूणा सिहाग ने सम्मानित किया।

विद्यालय समन्वयक सीए मनीष अग्रवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास का आधार है। इससे व्यक्तित्व निखरता है, चरित्र निर्माण होता है और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। योग जीवन में संतुलन, आत्मानुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

# कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

**E-Mail Address - eonp.sdlp@yahoo.in, Fax &Phone: 01559-222039**

क्रमांक :- न.पा.रा./ भूमि/2026-27/1987-88 दिनांकः 19-6-26

## आपति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों द्वारा विभिन्न श्रेणी पट्टो हेतू आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति हो तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में नगर पालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवें। सम्पूर्ण जानकारी के लिए कार्यालय नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) में सम्पर्क करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.स. | पत्रावली संख्या | आवेदक का नाम | खसरा नं. | क्षेत्रफल | पत्रावली का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 6740/12.06.2026 | श्रीमती राधा देवी पत्नी जयप्रकाश, निवासी वार्ड नं. 12 नया 15 मौहल्ला ए.पी. कॉलोनी, तह. राजगढ़ | 2276/2235 | 326.05 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 02 | 6723/06.04.2026 | श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री माडुराम, निवासी वार्ड नं. 02 नया 14 मौहल्ला आजाद नगर, राजगढ़ | 1651,1652 | 282.84 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 03 | 6731/22.04.2026 | राजगढ़ श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री माडूराम, वार्ड नं. 13, पुजा विहार, | 1285 | 59.45 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 04 | 6742/19.06.2026 | श्री जयवीर सिंह ढाका पुत्र मेघाराम, निवासी वार्ड नं. 01 वर्तमान 02, सरावगी की बाडी, राजगढ़ | 567 | 549.93 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 05 | 6739/12.06.2026 | श्री अजय सिंह पुत्र मुकेश सिंह, निवासी वार्ड नं. 02 नया 15 धनरूप नगर, राजगढ़ (चूरू)। | 1717 व 1718 | 201.57 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 06 | 48/23.09.2025 | श्री महेन्द्र पुत्र श्री बहादूर सिंह, जाति नायक, निवासी रेवाड़ी हॉल वार्ड नं. 01 पेट्रोल पम्प के पीछे, तारानगर रोड, राजगढ़ | 220 | 92.90 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 07 | 46/23.09.2025 | श्री महेन्द्र पुत्र श्री बहादूर सिंह, जाति नायक, निवासी रेवाडी हॉल वार्ड नं. 01 पेट्रोल पम्प के पीछे, तारानगर रोड, राजगढ | 220 | 83.24 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 08 | 4613/03.01.2023 | श्री सुभाष पुत्र पूर्णाराम नायक, वार्ड नं. 01, लाखलाण कच्चा रास्ता, राजगढ़ (चूरू)। | 564 | 185.79 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 09 | 6513/20.09.2024 | श्री जलेसिंह पुत्र श्री जुगलाल, निवासी वार्ड नं. 01, बेरियल के पास, राजगढ़ (चूरू) | 2000/1786/ 1555/220 | 92.89 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 10 | 6741/18.06.2026 | श्री कासम खान पुत्र अब्दुल गनी, हॉल वार्ड नं. 24 मोहल्ला बहल रोड़ के पास, राजगढ़ (चूरू) | 1165 नया 1128 | 185.78 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 11 | 6721/25.03.2026 | मोहम्मद अशलम पुत्र हॉजी यासीन बगड़िया, वार्ड नं. 26 राजगढ़ | 1143/1524 | 631.68 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 12 | 6735/02.06.2026 | श्री प्रदीप कुमार मान पुत्र टीकूराम मान, वार्ड नं. 02. मोहल्ला नायकान, राजगढ़ (चूरू) | 221 | 204.36 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 13 | 6724/07.04.2026 | संदीप पुत्र बीरसिंह व रवि कुमार पुत्र भरत सिंह, वार्ड नं. 23 राजगढ़ (चूरू) | 1877 | 330.08 वर्गमीटर | कृषिभूमि नियमन |
| 14 | 2559/19.06.2026 | श्रीमती मोमिना पत्नी स्वः शौकत व आमिना पत्नी शौकिन खां, वार्ड नं. 17 ढाणी दमामीयान, राजगढ़ | - | 64.56 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 15 | 2556/16.06.2026 | श्री बालकिशन पुत्र श्री मगराज, निवासी वार्ड नं. 17, मौहल्ला पुराना बास, पिलानी मोड़, राजगढ़ | - | 113.21 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 16 | 2552/15.06.2026 | गफार खान पुत्र अलीम खान, आबिदा बानो पत्नी गफार खान, वार्ड नं. 08 नया 12 मौहल्ला आथूना राजगढ़ (चूरू)। | - | 78.37 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 17 | 2558/18.06.2026 | श्री नन्दलाल पुत्र लिखमाराम स्वामी, वार्ड नं. 31 मौहल्ला खटीकान, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | - | 138.31 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 18 | 2557/18.06.2026 | श्री मंगतूराम पुत्र बजरंगलाल हॉल वार्ड नं. 21. मोहल्ला पुराना बास, राजगढ़ (चूरू)। | - | 92.89 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 19 | 2560/19.06.2026 | श्री रमेश कुमार पुत्र श्री जयपाल, हॉल वार्ड नं. 11, मौहल्ला पुराने सरकारी अस्पताल के पास, राजगढ़ | - | 32.98 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 20 | 2553/16.06.2026 | श्री शिवकुमार पुत्र कृष्ण अग्रवाल, वार्ड नं. 19 पुराना फलसा, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | - | 137.64 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 21 | 2554/16.06.2026 | श्री ओमप्रकाश पुत्र कृष्ण अग्रवाल, वार्ड नं. 19 पुराना फलसा, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | - | 107.87 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 22 | 2555/16.06.2026 | श्री श्यामसुन्दर पुत्र कृष्ण अग्रवाल, वार्ड नं. 19 पुराना फलसा, कस्बा राजगढ़ (चूरू) | - | 116.98 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 23 | 98/06.05.2026 | श्रीमती रिचा आर्य पत्नी श्री विकास कुमार हॉल वार्ड नं. 11. मोहल्ला रेस्ट हाउस के सामने, राजगढ़ | - | 7.15 वर्गमीटर | 69-क नियमन |
| 24 | 1338/19.06.2026 | श्री अलीशेर पुत्र श्री सहाबुद्दीन, हॉल वार्ड नं. 29 मोहल्ला बगडियान, राजगढ़ (चूरू) | - | 125.90 वर्गमीटर | स्टेटग्रान्ट नियमन |
| 25 | 09/16.06.2026 | श्रीमती भतेरी देवी पत्नी प्रताप सहारण, वार्ड नं. 33 राजगढ़ | - | 149.87 वर्गगज | खांचा भूमि नियमन |
| 26 | 10/16.06.2026 | श्री प्रताप सिंह सहारण पुत्र रामधन, वार्ड नं. 33, राजगढ़ | - | 149.81 वर्गगज | खांचा भूमि नियमन |

**(कृष्ण कुमार छाबा)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका राजगढ़ (चूरू)**

## सार-समाचार

### डिफेंस पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**झुंझुनूं** (निसं)। शहर की न्यू कॉलोनी स्थित डिफेंस पब्लिक स्कूल में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य एवं प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जी.एल. कालेर एवं विद्यालय प्रशासन की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर चेयरमैन डॉ. जी.एल. कालेर ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से योग करने तथा इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में योग तनावमुक्त, संतुलित एवं स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को निरोग रखता है, बल्कि मन को भी एकाग्र और सकारात्मक बनाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा योग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक एवं सफल रहा।

### तेरापंथ सभा व युवक परिषद की नई कार्यकारिणी ने शपथ ली

**चूरू** (निसं)। स्थानीय तेरापंथ भवन में रविवार को आचार्य महाश्रमण के आशीर्वाद से तेरापंथ समाज की संघीय संस्थाओं श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, चूरू व तेरापंथ युवक परिषद चूरू का संयुक्त शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी ताराचंद बांठिया ने सभा व युवक परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनियता की शपथ दिलाई। समारोह में सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र कोठारी ने वरिष्ठ संरक्षक डॉ. मांगीलाल शामसुखा का माल्यार्पण कर सम्मान किया। डॉ. शामसुखा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए राग-द्वेष से ऊपर उठकर समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सूरत प्रवासी राजू सिंघी का भी सम्मान किया गया। सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र कोठारी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। सभा की कार्यकारिणी में वरिष्ठ संरक्षक डॉ. मांगीलाल शामसुखा, संरक्षक प्रकाश बच्छावत, अध्यक्ष सुरेन्द्र कोठारी, उपाध्यक्ष नोरतन कोठारी व चेनरूप बैद, सचिव अभय सिंघी, सह सचिव प्रवीण बैद, कोषाध्यक्ष भरत कोठारी तथा सदस्य इंद्राज बांठिया, श्रवण कोठारी, राजेंद्र सुराणा, सौरभ कोठारी, प्रकाश कोठारी व अजय दफ्तरी शामिल हैं। तेरापंथ युवक परिषद की कार्यकारिणी में अध्यक्ष संजय बरडिया, उपाध्यक्ष अजय दफ्तरी व पवन नाहटा, सचिव हितेष कोठारी, सहसचिव नितेश कोठारी व अभिषेक बैद, कोषाध्यक्ष जितेंद्र जैन तथा संगठन मंत्री सौरभ ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। समारोह के दौरान नवगठित टीमों को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया

**झुंझुनूं** (निसं)। विश्व योग दिवस के अवसर पर जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल में रविवार को सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 211 महिलाओं एवं 385 पुरूषों सहित कुल 596 स्वास्थ्यकर्मियों, अधिकारियों और नर्सिंग विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अस्पताल के पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए सभी को नियमित रूप से योग करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। योग सत्र का संचालन योग शिक्षिका एवं स्वास्थ्यकर्मी प्रतिभा राय ने किया। उन्होंने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इस अवसर पर होम्योपैथिक जिला उपनिदेशक डॉ. रमेश यादव, डॉ. चंद्रभान, नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य आबिदा खान, स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ. नावीद सहित स्वास्थ्यकर्मी एवं नर्सिंग विद्यार्थी मौजूद रहे। विश्व योग दिवस के इस आयोजन ने स्वास्थ्यकर्मियों में स्वास्थ्य जागरूकता, सकारात्मक जीवनशैली और नशामुक्त समाज के संदेश को मजबूती प्रदान की।

### योग व आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**चूरू** (निसं)। एन.एच. 52 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को संत निरंकारी मिशन द्वारा सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता रमितजी के निर्देशन में भव्य योग व आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जोन 19-ए के अंतर्गत आने वाले चूरू, झुंझुनूं, सीकर व नीम का थाना जिलों की सभी शाखाओं में संपन्न हुआ। जोनल इंचार्ज महात्मा शिव भगवान बजाज ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ व संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सद्गुरु माता के विचार स्वस्थ मन, सहज जीवन के अनुसार शरीर निरंकार प्रभु की अमूल्य देन है। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति व आध्यात्मिक संतुलन का भी सशक्त माध्यम है। इसी उद्देश्य से मिशन के 1500 से अधिक केंद्रों पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका लक्ष्य स्वास्थ्य जागरूकता, मानसिक संतुलन तथा आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देना है। योगाभ्यास के पश्चात आयोजित साप्ताहिक निरंकारी सत्संग में श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक विचारों का श्रवण किया तथा सद्गुरु की शिक्षाओं से प्रेरणा ली।

### 'उपल' पत्रिका को देवनागरी साहित्य श्री सम्मान मिला

**नोहर** (निसं)। स्थानीय वसुधा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका 'उपल' को बैंगलोर में आयोजित 50वें राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रतिष्ठित 'देवनागरी साहित्य श्री सम्मान' से अलंकृत किया गया है। नागरी लिपि परिषद, नई दिल्ली एवं बैंगलोर हिंदी अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अधिवेशन का मुख्य विषय 'नागरी लिपि और भारतीय ज्ञान परम्परा' था। हिंदी भाषा, देवनागरी लिपि के संवर्धन और साहित्यिक पत्रकारिता में पत्रिका के उल्लेखनीय योगदान हेतु यह सम्मान संपादक कमल अग्रवाल को समर्पित किया गया। उनकी अनुपस्थिति में पत्रिका के कर्नाटक प्रतिनिधि सुमित गर्ग ने स्मृति चिह्न एवं सम्मान पत्र ग्रहण किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने 'उपल' को साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों का महत्वपूर्ण मंच बताते हुए इसके प्रयासों की सराहना की। इस उपलब्धि पर साहित्य कला चेतना परिवार एवं क्षेत्र के साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### कपड़े के थैले बांटे

**रतनगढ़** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर धन्वन्तरी मंदिर परिसर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय योग समारोह में अणुव्रत समिति रतनगढ़ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कपड़े के थैले वितरित किए। समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने बताया कि यह अभियान प्लास्टिक उपयोग कम करने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार, मोतीलाल तातेड़, पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह, वैद्य मनोज चौहान एवं प्रदीप धर्ड सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### केपीएस परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**रतनगढ़** (निसं)। केपीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गोदारा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रेवंत राम पड़गड़ सहित विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया।

# पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

- योग को अपनी दैनिक आदत में शामिल करें : जिला कलेक्टर
- योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम पर जिलेभर में विशेष योग सत्र हुए
- योगाभ्यासियों ने स्वस्थ जीवन का लिया संकल्प

**सीकर** (निसं)। जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पुलिस लाइन मैदान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सीकर पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़, जिला कलेक्टर आशीष मोदी, पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों महावीर जांगिड़, पायल सैनी, डॉ करिश्मा पारीक,आलोक कौशिक, अभिलाषा रणवां के निर्देशन में ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। योग केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का आधार है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से राहत मिल सकती है। उन्होंने जिलेवासियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ, शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक जीवन जीने का आव्हान किया। जिला कलेक्टर ने उपस्थित जनसमूह को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। वहीं पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नुनावत ने सभी को नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई।

सीकर पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से भारतीय योग परंपरा को विश्वभर में सम्मान और पहचान मिली है। आज अनेक देशों के लोग योग को अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ समाज की आधारशिला है और नशामुक्त समाज के निर्माण में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा "नशे का ना, जीवन को हां" अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही अभिलाषा रणवां द्वारा मनसुख रणवां स्मृति संस्थान के माध्यम से प्रतिभागियों को निःशुल्क औषधीय एवं फुलवारी के पौधे वितरित किए गए।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जे.पी. गौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह, उपनिदेशक आयुर्वेद एवं नोडल अधिकारी डॉ. महेश सोनी, सहायक निदेशक मुकेश दीक्षित, नोडल अधिकारी योग योगेश मिश्रा, सहायक निदेशक जनसंपर्क पूरणमल, सीओ स्काउट बसंत लाटा, नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी, बी.एल. मील, आलोक कौशिक, मधु कुमावत, राजेश रोलन, नीलम मिश्रा, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स, शारीरिक शिक्षक राजवीर सिंह शेखावत सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्काउट-गाइड, छात्र-छात्राएं शहरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक राकेश लाटा ने किया।


## स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास आयोजित हुआ

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नेहरू स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं नगरपालिका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, तहसीलदार फारूक अली, नगरपालिका अधिषाशी अधिकारी नवनीत कुमार, आयुष विभाग के डॉ अरूण कुमार सैनी, जिला चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ अटल भास्कर, मुख्य ब्लाक चिकित्सा अधिकारी दिनेश कस्वां, निर्वतमान नेता प्रतिपक्ष ललित पुरोहित, भाजपा नेता जयप्रकाश सरावगी, नर्सिंग ओफिसर मनोज मिश्रा, पशुपालन विभाग से डा विरेन्द्र ढ़ाका, सहायक लेखाधिकारी प्रथम झाबरमल सैनी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष मधुदायमा, सहित स्कूल के बच्चे व आमजन मौजूद रहें।

## योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया

**नोहर** ( निसं)। यहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्रीराम वाटिका में आयोजित योग कार्यक्रम में कस्बे के आमजन सहित अपाला स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता और अनुशासन का परिचय दिया।

- 'योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है'



नोहर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

कार्यक्रम में आमजन व उपस्थित विद्यार्थियों ने प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

इस अवसर पर अपाला स्कूल के संस्थापक महेश शर्मा ने भी योगाभ्यास में सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलित विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय के शिक्षक कैलाश सिहाग, रवि कुमार एवं आदित्य वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ योग कर उन्हें योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। शिक्षकों की सहभागिता से विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल रहा।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित योग अपनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## नोहर फीडर में दूषित जल प्रवाह की योजना का विधायक ने किया विरोध

- मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर परियोजना निरस्त करने की मांग
- किसानों और आमजन के स्वास्थ्य पर पड़ेगा गंभीर असर : अमित चाचाण विधायक

**नोहर** (निसं)। हरियाणा सरकार द्वारा हिसार क्षेत्र के ड्रेनेज से औद्योगिक एवं शहरी अपशिष्ट युक्त दूषित जल को नोहर फीडर में प्रवाहित करने के लिए प्रस्तावित लिफ्ट परियोजना का नोहर विधायक अमित चाचाण ने कड़ा विरोध जताया है। विधायक ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर इस योजना को तत्काल निरस्त करवाने की मांग की है। विधायक चाचाण ने पत्र में बताया कि नोहर फीडर सीमावर्ती राजस्थान क्षेत्र के कई गांवों के लिए सिंचाई और पेयजल का प्रमुख स्त्रोत है। ऐसे में दूषित जल को नहर में छोड़े जाने से कृषि भूमि, भूजल, पशुधन और ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर गंभीर एवं दीर्घकालीन प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि फेफाना, चारणवासी, मलवाणी, रतनपुरा, चक 16-17 केएनएन, पदमपुरा, गुड़िया, जसाना, रामसरा, भुकरका, टोपरिया, देईदास, किंकराली, ढाणी लाल खां, पिचकराई, ढंडेला, सोनड़ी, भगवान सहित अनेक गांव नोहर फीडर पर निर्भर हैं।

विधायक ने कहा कि नहरबंदी के समय भी नोहर शहर में पेयजल आपूर्ति इसी नहर के माध्यम से होती है। ऐसे में दूषित जल प्रवाह की योजना जनहित के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार द्वारा राजस्थान सरकार की सहमति अथवा अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) के बिना इस दिशा में कार्यवाही किया जाना उचित नहीं है। अमित चाचाण ने कहा कि राजस्थान की नहरों से बिना अनुमति छेड़छाड़ करना गंभीर विषय है। उन्होंने राज्य सरकार से हस्तक्षेप कर परियोजना को रद्द करवाने की मांग की है, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र के जल स्त्रोतों, पर्यावरण और किसानों के हितों की रक्षा की जा सके।

गौरतलब है कि गत दिनों पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में भी विधायक अमित चाचाण ने यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। बैठक में उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

## 'योग को जीवनशैली बनाएं, स्वस्थ समाज का निर्माण करें'

**रतनगढ़** (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा रतनगढ़ एवं सुमंगलम हॉस्पिटल एवं चरक पंचकर्म केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्व योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है तथा इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योगाचार्य पवन जोशी ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। डॉ. प्रमिला चौधरी और डॉ. चंचल गौड़ ने आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी। पंकज गौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष परमेश्वरलाल आत्रेय, संरक्षक वासुदेव चाकलान, सचिव डॉ. जयाकांत बींवाल, सत्यनारायण टेलर, प्रो. कल्याण सिंह चारण, विश्वनाथ सोनी, सीताराम जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

# फादर्स डे पर 100 से अधिक विद्यार्थियों व लाभार्थियों को किया सम्मानित

**चूरू** (निसं)। फादर्स-डे पर रविवार को गौरीशंकर एंड निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से होटल ग्रांड शेखावाटी में प्रतिभा सम्मान व लाभार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की विभिन्न सामाजिक व शैक्षिणक योजनाओं से जुड़े 100 से अधिक विद्यार्थियों व लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2021 से संचालित मेरी बेटी मेरा गौरव अभियान के अंतर्गत कोरोना महामारी के दौरान अपने पिता को खो चुकी बालिकाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को फादर्स डे पर आयोजित समारोह में लाभार्थी बालिकाओं व उनके परिवारों का सम्मान किया गया तथा प्रत्येक बालिका को 5100 रुपये की सम्मान राशि भेंट की गई। इसके साथ ही फाउंडेशन ने इस योजना का विस्तार करते हुए नए पात्र बच्चों से आवेदन आमंत्रित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में नारायण प्रसाद अग्रवाल हायर सेकेंडरी स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत चयनित लगभग 90 विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन पिछले तीन वर्षों से चूरू तहसील के मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित आवासीय विद्यालयों में




फादर्स-डे पर विभिन्न सामाजिक व शैक्षिणक योजनाओं से जुड़े 100 से अधिक विद्यार्थियों व लाभार्थियों को सम्मानित किया।

अध्ययन के लिए सहयोग प्रदान कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन उनकी शैक्षिणक उपलब्धियों व साक्षात्कार के आधार पर किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ थे।

वहीं विशिष्ट अतिथि विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व पराक्रम सिंह राठौड़ थे। फाउंडेशन के ट्रस्टी गौरीशंकर मंडावेवाला, निर्मला अग्रवाल तथा निदेशक वेणुगोपाल अग्रवाल मंचस्थ थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गौरीशंकर मंडावेवाला ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज सम्मानित किए गए विद्यार्थी भविष्य में समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र राठौड़ ने फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बहुत कम संस्थाएं ऐसी हैं जो जरूरतमंद बच्चों को परिवार की तरह

- गौरीशंकर-निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन की पहल समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी-राठौड़

अपनाकर उनके भविष्य निर्माण का जिम्मा उठाती हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी कठिन परिस्थितियों में पिता का साया खो चुके बच्चों के लिए इस प्रकार का सहयोग अत्यंत संवेदनशील व प्रेरणादायी पहल है।

विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम वर्ग को आगे आकर सहयोग करना चाहिए, ताकि कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे नहीं रहे। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि कठिन परिस्थितियां कभी भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनती, बस लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को अपने जीवन की सबसे बड़ी शक्ति मानकर आगे बढ़ने का आव्हान किया।

फाउंडेशन के निदेशक वेणुगोपाल अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा ने किया।

## सार-समाचार

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**रतनगढ़** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल रतनगढ़ द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय रामचंद्र पार्क में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने भाग लेकर योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। योग शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने का प्रभावी माध्यम है तथा आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। कार्यक्रम में भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता शिव भगवान कम्मा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का किया भव्य स्वागत

**चूरू** (निसं)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को ट्रेन से बीकानेर से जयपुर जाते समय चूरू रेलवे स्टेशन पर रूके। जहां भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने रेल मंत्री वैष्णव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पर जय श्री राम के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने उन्हें रामलला की प्रतिमा भेंट की। रेल मंत्री मात्र 07 मिनट चूरू रेलवे स्टेशन पर रूके। इस दौरान उन्हें क्षेत्र की रेलवे से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में तारानगर को नई रेलवे लाइन से जोड़ने, सरदारशहर में रेल विस्तार करने और राजगढ़ क्षेत्र के वंचित इलाकों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की प्रमुख मांगें शामिल थीं। इसके साथ ही चूरू रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना में शामिल कर आधुनिक सुविधाओं से विकसित करने, कुलियों की समस्याओं का समाधान करने, वॉशिंग सुविधा को पुनः शुरू करने और लंबे समय से विचाराधीन करीब आधा दर्जन आरओबी (रोड़ ओवर ब्रिज) निर्माण कार्यों को गति देने की भी मांग की गई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने बताया कि रेल मंत्री ने इन सभी मांगों को ध्यान से सुना और तारानगर, सरदारशहर व सादुलपुर क्षेत्र में रेलवे ट्रेक विस्तार को लेकर जल्द ही सर्वे करवाने का ठोस आश्वासन दिया। रेल मंत्री ने इन सभी प्रस्तावों को आगामी बजट में शामिल करने को लेकर सकारात्मक भरोसा दिलाया। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण, देवेन्द्र झाझड़िया, बंसत शर्मा, चन्द्राराम गुरी, पराक्रम राठौड़, भाजपा नेता, डॉ. वासुदेव चावला, राजपाल सिंह राठौड़, पूर्व सभापति विजय शर्मा, हेमसिंह शेखावत, भागीरथ सैनी, सीताराम लुगरिया सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### विधायक गोदारा ने किया स्कूल का लोकार्पण

**रतनगढ़** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गौरीसर स्थित वीर तेजाजी पब्लिक स्कूल का लोकार्पण विधायक पूसाराम गोदारा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति का मजबूत आधार है। ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।समारोह में संत शंभुनाथ महाराज, दयानाथ महाराज एवं बालक नाथ महाराज, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्राज खिचड का सान्निध्य प्राप्त हुआ। विधायक गोदारा ने विद्यार्थियों से अनुशासन एवं लगन के साथ अध्ययन कर अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करने का आव्हान किया।विद्यालय निदेशक भागीरथ सिंह चौधरी, प्रधानाध्यापिका बिमला एवं संरक्षक बलबीर ने विधायक सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रशासक सुमन देवी, विक्रमपाल थालौड, चरणसिंह कोका, अरविंद चाकलान, गिरधारी लाल बांगड़वा सहित प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### सर्व सारस्वत समाज की बैठक में भवन निर्माण व प्रतिभा सम्मान समारोह पर चर्चा

**रतनगढ़** (निसं)। सर्व सारस्वत समाज की बैठक का आयोजन वैद्य बालकृष्ण गोस्वामी की अध्यक्षता में लिंक रोड स्थित मीनाक्षी हर्बल्स भवन में किया गया। बैठक में समाज के संगठनात्मक विस्तार एवं विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।बैठक में समाज भवन निर्माण के लिए भूमि क्रय हेतु भामाशाहों की सूची तैयार करने, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने, ब्लॉक क्षेत्र के वंचित परिवारों को समाज से जोड़ने तथा सामाजिक आयोजनों में संगठन को आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। साथ ही आगामी बैठक में नई कार्यकारिणी के निर्वाचन का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर मुरारीलाल सारस्वत, योगेश सारस्वत, मनोज सारस्वत, भारत भूषण सारस्वत, पवन सारस्वत, महेश सारस्वत, मनमोहन सारस्वत, गिरधारीलाल सारस्वत, शंकरलाल सारस्वत, सीताराम सारस्वत, सुशील सारस्वत, संजय सारस्वत, संदीप सारस्वत, देवकीनंदन सारस्वत, अंकित सारस्वत सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समाज की एकजुटता और विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया।

### चूरू में शांतिपूर्ण संपन्न हुई री-नीट परीक्षा

**चूरू** (निसं)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित नीट यूजी परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चूरू ब्लॉक के 12 केंद्रों पर कुल 3639 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3349 ने परीक्षा दी और 290 अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन और पहली बार तैनात बीएसएफ जवान पूरी तरह मुस्तैद रहे। केंद्रों के भीतर और आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। अभ्यर्थियों को गहन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया, जिसमें प्रवेश-पत्र, पहचान-पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल शामिल थी। महिला पुलिसकर्मियों सहित सुरक्षा दल ने पूरी सतर्कता बरती, जिससे जांच प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रही। नोडल अधिकारी ने बताया कि पंजीकृत 3639 अभ्यर्थियों में से 3349 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 290 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे संपन्न हुई। सभी 12 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से आयोजित हुई। प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई थी, जिसके कारण शहर में कहीं भी अफरा-तफरी का माहौल नहीं देखा गया। परीक्षा शुरू होने से पहले और समाप्ति के बाद कई केंद्रों के बाहर अभिभावकों की भीड़ देखी गई। विशेषकर महिला अभ्यर्थियों के अभिभावक अपने बच्चों को छोड़ने और लेने के लिए निजी वाहनों से पहुंचे थे। लोहिया कॉलेज परीक्षा केंद्र के बाहर अधिक भीड़ के कारण यातायात पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग, स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश

**सीकर** (निसं)। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम रविवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में आमजन ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए नियमित योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम के उपरांत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत "स्वस्थ नागरिक, स्वच्छ शहर" की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के अनुसार 4-स्ट्रीम कचरा पृथक्करण की जानकारी दी गई। इस दौरान नागरिकों को गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक एवं सैनिटरी अपशिष्ट को पृथक-पृथक एकत्रित करने के महत्व से अवगत कराया गया तथा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद सीकर के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार योग शरीर और मन को स्वस्थ रखता है, उसी प्रकार स्वच्छता हमारे शहर और पर्यावरण को स्वस्थ बनाए रखती है। यदि प्रत्येक नागरिक नियमित योग के साथ-साथ अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरे का स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण करने का संकल्प ले, तो सीकर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने का लक्ष्य सहजता से प्राप्त किया जा सकता है।

